अजमेर में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न, 59.22 प्रतिशत रहा मतदान

अजमेर, (कासं)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार शाम को 6 बजे सम्पन्न हो गया। अजमेर लोकसभा सीट से कुल 14 उम्मीदवार मैदान में है लेकिन भाजपा के भागीरथ चौधरी और कांग्रेस के रामचंद्र चौधरी के बीच सीधा ही रहा। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के भागीरथ चौधरी 4 लाख से अधिक मतों से विजयी हुए थे। इस बार दोनों चौधरियों में अच्छी टक्कर मानी जा रही थी। मतदान दिवस पर भाजपा का बूथ मैनेजमेंट और कांग्रेस के बूथ मैनेजमेंट में काफी अंतर रहा। यही कारण है कि मतदाताओं ने स्वेच्छा से ही निकल कर मतदान किया है। वैसे पूरे चुनाव में किसी तरह का मुद्दा अथवा फैक्टर काम करता नहीं दिखा। जो कुछ दिखा वह यह कि मतदाता बहुत पहले से ही तय कर बैठा था कि इस बार किसे मत देकर आना है। सुबह सात बजे से शुरू हुआ मतदान शाम होते होते 59.22 के पास पहुंच गया।

शाम पांच बजे तक करीब 52.38 प्रतिशत औसत मतदान अजमेर संसदीय क्षेत्र का दर्ज किया गया। इसके बाद मौसम का मिजाज बदलने और तापमान में गिरावट के कारण लोगों ने तेजी में घरों से मतदान केंद्रों की ओर कूच किया। बताते हैं कि शाम छह बजे तक शहरी और देहात के अनेक मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लम्बी कतारें देखने को मिली हैं। वैसे अजमेर संसदीय क्षेत्र में दूदू, किशनगढ़, अजमेर दक्षिण, अजमेर उत्तर, नसीराबाद, पुष्कर, केकड़ी, मसूदा कुल आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इन क्षेत्रों में सिर्फ एक किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र को छोड़ कर शेष सभी में भारतीय जनता पार्टी के विधायक चुने गए हैं।

अजमेर जिले में कई बूथों पर महिला मतदाताओं की भीड़ देखी गई।

प्रत्याशियों सहित बड़े नेताओं ने किए मतदान: भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी ने किशनगढ़ में सरस्वती स्कूल में और कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी ने देवास गांव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रामनगर से बूथ पर और विधायक अनीता भदेल ने भजन गंज स्थित बूथ पर मतदान किया। महिला मतदाताओं में भी काफी उत्साह देखा गया। एक महिला मतदाता तो अपने 5 महीने के बच्चे को लेकर बूथ पर पहुंची।

किन्नरों ने भी नाचते गाते मतदान किया: अजमेर में किन्नर समुदाय ढोल की थाप पर नाचते गाते हुए घर से एक साथ मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया। किन्नर समुदाय के लोगों ने कहा कि लोकतंत्र के उत्सव में आज उन्हें बहुत ही अच्छा लग रहा है। वे एक अच्छी सरकार के लिए मतदान कर रहे है। उन्हें अजमेर के जिला प्रशासन ने प्रेरित किया वह बहुत अच्छा लगा।

अजमेर संसदीय क्षेत्र में सुबह 7 बजे से मतदान समस्त 1970 बूथों पर आरम्भ हुआ। सुबह 9 बजे तक जिले में 11.61 प्रतिशत मतदान हुआ। विधानसभा क्षेत्रा दूदू में 13.28, किशनगढ़ में 11.8, पुष्कर में 12.93, अजमेर उत्तर में 11.2, अजमेर दक्षिण में 9.89, नसीराबाद में 11.07, मसूदा में 9.87 तथा केकड़ी में 12.9 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह 11 बजे तक संसदीय क्षेत्र में 24.43 प्रतिशत मतदान हुआ। विधानसभा क्षेत्र दूदू में 23.87, किशनगढ़ में 24.97, पुष्कर में 25.45, अजमेर उत्तर में 25.1, अजमेर दक्षिण में 23.75, नसीराबाद में 25.77, मसूदा 23.68 तथा केकड़ी 23 प्रतिशत मतदान हुआ।

उन्होंने बताया कि दोपहर एक बजे तक संसदीय क्षेत्रा में मतदान प्रतिशत 35.77 रहा। विधानसभा क्षेत्रा दूदू में 33.97, किशनगढ़ में 36.17, पुष्कर में 38.09, अजमेर उत्तर में 38.37, अजमेर दक्षिण में 36.9, नसीराबाद में 35.11, मसूदा में 34.81 तथा केकड़ी में 33.4 प्रतिशत मतदान हुआ। अजमेर संसदीय क्षेत्रा में दोपहर 3 बजे तक मतदान प्रतिशत 43.28 प्रतिशत रहा। विधानसभा क्षेत्र दूदू में 40.1, किशनगढ़ में 43.25, पुष्कर में 44.05, अजमेर उत्तर में 48.29, अजमेर दक्षिण में 46.92, नसीराबाद में 42.13, मसूदा में 42.01 तथा केकड़ी में 41.05 प्रतिशत मतदान हुआ।

तृतीय प्रश्न-पत्र की मॉडल उत्तरकुंजी जारी

अजमेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 के तृतीय प्रश्न-पत्र (जनरल स्टडीज ऑफ राजस्थान) की मॉडल उत्तरकुँजी आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। यदि किसी अभ्यर्थी को इस मॉडल उत्तरकुँजी पर कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 27 से 29 अप्रेल को रात्रि 12:00 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है।

आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षा के अन्तर्गत तृतीय प्रश्न-पत्र की परीक्षा का आयोजन 7 जनवरी को किया गया था। आपत्तियाँ आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी। इस परीक्षा का मॉडल प्रश्न-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आपत्ति प्रामाणिक (स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाइन ही प्रविष्ट करें । वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज करवाते हैं, तो उन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

सार-समाचार

सरवाड़ में शांतिपूर्ण हुए मतदान

सरवाड़, (निसं)। सरवाड़ शहर में चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुए वहीं लोकसभा चुनाव के लिए सरवाड़ में मतदान केन्द्रों पर सुबह अच्छी भीड़ देखने को मिली मगर दोपहर बाद आई बारिश के बाद मतदान केन्द्र सुने पड़े रहे कार्यकर्ताओं ने मतदान से वंचित रहे मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रेरित किया इसके बावजूद कई मतदान केन्द्र सुने पड़े रहे लोगों ने खामोशी के साथ आकर मतदान किया वहीं क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम ने सरवाड़ पहुंचकर कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए मतदान केंद्रों पर बुजुर्ग मतदाताओं सहित दिव्यांगों ने भी बड़ी संख्या में मतदान के अधिकार का उपयोग किया। पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारियों ने मतदान केंद्रों का दौरा किया। वहीं कार्मिकों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश वहीं व्यवस्थाओं का जायजा लिया मतदान प्रक्रिया संपादित करवा रहे। अधिकारियों व कर्मचारियों से बातचीत की तथा शांतिपूर्ण निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में चुनाव कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मतदान के लिए वहीं उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर, तहसीलदार रणछोड़ लाल व थाना प्रभारी सत्यवान मीणा मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया।

पार्सल व नकदी लूटी

उदयपुर, (कासं.)। हिरणमगरी थानाक्षैत्र में कुरियर कर्मचारी को धमका कर पर्स व नकदी लूटने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित गणेशलाल पुत्र मोहनलाल मीणा निवासी गायरी पेट्रोलपंप के पास बोरी कुआं ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मैं कुरियर कंपनी में काम करता हूं। 25 अप्रेल दोपहर मैं पार्सल सप्लाई करने के लिए पैसिफिक चिकित्सालय उमरड़ा की तरफ जा रहा था। जहां बीच रास्ते सनराईज कॉलेज के समीप पिछे से आए बाइक सवार तीन बदमाशों ने मुझे टक्कर मार निचे गिरा दिया तथा पार्सल छिनने का प्रयास किया। विरोधक करने पर चाकू दिखातें हुए हत्या करने की धमकी देकर करीब 7 पार्सल एवं पर्स छीन ले गए। जिसमें करीब 6 हजार रूपये नकदी थी। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कबर जांच शुरू की।

गोदाम से कॉपर वायर चोरी

उदयपुर, (कासं.)। शहर के हिरणमगरी थाना क्षैत्र में स्थित गोदाम से अज्ञात चोर विद्युत वायर चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित विष्णु गुप्त मैनारिया पुत्र गोपालकृष्ण निवासी स्वागत वाटिका के सामने 100 फीट रोड़ हिरणमगरी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि मैं सोलेर पैनल का काम करता हूं तथा ओरिन एनर्जी नाम से मेरी दुकान है तथा परशुराम चौराहा पर गोदाम है। 25 अप्रेल रात में अज्ञात चोर दीवार फांद दुकान में घुसे तथा लोहे की चद्दर टेडी कर अंदर घुस 2 लाख 50 हजार रूपये के विद्युत कॉपर वायर चुरा ले गए। दूसरे दिन इसका पता चलने पर पडताल की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

श्री जी महाराज ने किया मतदान

रूपनगढ़, (निसं)। अखिल भारतीय श्रीनिम्बार्काचार्य पीठ श्री निंबार्क तीर्थ के आचार्य श्री श्यामशरण देवाचार्य जी महाराज ने आज अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वैदिक और पौराणिक मंगलाचरण के साथ श्री जी महाराज ने वोट दिया। वोट देने के बाद आचार्यचरण ने कहा कि राष्ट्र हित में मतदान करना जरूरी है और सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। आज राष्ट्र के हर राष्ट्रवादी नागरिक को अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डालना चाहिए। इस अवसर पर अजमेर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी और पूर्व सरपंच डॉ. धरणीधर उपाध्याय व समाजसेवी छोटू बागड़ा भी आपश्री के साथ थे।

लोकतंत्र के पर्व में योगदान

ब्यावर, (निसं)। स्थानीय संघ जवाजा के सचिव सुरेश चन्द फुलवारी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र ब्यावर के सभी 286 बूथों पर स्काउट-गाइड एवं वोटर मित्र ने सेवाए दी।स्काउट-गाइड एवं वोटर मित्र ने दिव्यांग ,बुजुर्ग मतदाताओं को पहुचाने , छाया में बिठाने , पंक्तिबद्ध करने और पानी पिलाने आदि का कार्य किया और मतदान में सहयोग किया। शहीद अमर सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कालिंजर के स्काउटर एवं बी.एल.ओ. रतन सिंह चौहान के साथ स्काउट व गाइड ने भाग सँख्या 182 व 183 पर सक्रिय सहयोग किया।

वोट हमारा कत्तर्व्य और अधिकार दोनों है : माली

भीलवाड़ा, (निसं)। भीलवाड़ा शहर में मतदान करने के लिए लोगों में अभूतपूर्व उत्साह नजर आया। युवा मतदाता, दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक, महिलाओं सहित अन्य मतदाताओं ने भी बढ़चढ़ कर मतदान किया। भीलवाड़ शहर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 180 भाग संख्या 171-172 विजय सिंह पथिक नगर के मतदान केंद्र राजीव गांधी सामुदायिक भवन में स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने अपने परिवारजनों सहित वरिष्ठजनों के साथ मतदान कर एक आदर्श मतदाता होने का परिचय दिया। इनके साथ ही जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन मानसिंहका, शंभु प्रसाद माली, कमला देवी, सागर माली, विद्या माली, मुकेश बुलिवाल, कीर्ति सैनी, रंजना माली सहित अन्य वरिष्ठ जनों ने मतदान कर जागरूक नागरिक होने का दायित्व निभाया। इसी मतदान केन्द्र पर विजय सिंह पथिक नगर निवासी युवा रंजना बुलिवाल व किर्ती सैनी ने पहली बार मतदान किया। उन्होंने बताया कि

- **युवा, दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक, महिलाओं सहित अन्य मतदाताओं ने मतदान किया**

लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता दर्ज कर आज वे बेहद खुश एवं उत्साहित है। इन्होंने अन्य युवा मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया।

प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाताओं को हर्षोउल्लास के साथ भाग लेना चाहिए। यह हमारा कत्तर्व्य और अधिकार दोनो है। वोट का कोई मोल नहीं होता। अत: मतदान अवश्य करना चाहिए, ताकि बेहतरिन सरकार का चयन किया जा सके। वही उन्होंने भीलवाड़ा जिले में शांतिपूर्वक व निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, निर्वाचन अधिकारी सहित भीलवाड़ा जिले के सभी आम मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

मेड़ता में 57.69 प्रतिशत मतदान

मेड़ता सिटी, (निसं)। लोकसभा चुनाव को लेकर इस बार लोगो नए मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिला । राजसमंद लोकसभा में मेड़ता विधान सभा क्षेत्र में कुल 287851 मतदाता हे जिसमे 148695 पुरुष,139154 महिला,2 थर्ड जेंडर है मतदाता थे । जिनमे मतदाताओं ने 57.69 प्रतिशत ही मतदाता ने अपने मत का प्रयोग किया । मतदाताओं के लिए मेड़ता विधानसभा में 266 मुख्य व 7 सहायक मतदान केंद्र बनाए गए

इनमे 8 बूथ महिलाओ के बनाए गए थे जिसके मतदाताओं ने अपना मतदान किया । मतदाताओं के उत्साह में नवीन मतदाताओं को प्रमाण पत्र भी दिए गए थे वही सुबह बूथ पर प्रथम से लेकर 50 मतदाताओं को प्रतोसाहन भी दिया गया जिसमे महिलाओ को मेंहदी के कोण तथा पुरषों को पेन दिए गए । मेडता रिटर्निंग अधिकारी पूनम चोयल ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मेड़ता विधानसभा में 57.69प्रतिशत मतदान हुआ। मतदाताओं के लिए पोलिग बूथों पर अच्छी व्यवस्थाओं की गई , वही पुलिस विभाग द्वारा भी लगातार पोलिंग बूथों पर निरीक्षण किया जा रहा था।

बूथ का निरीक्षण करते हुवे प्रत्याशी महिमा सिंह।

वही भाजपा प्रत्याशी महिमा कुमारी ने मेड़ता विधानसभा के धनेरिया गांव में जाकर बूथ का निरीक्षण किया। इस मौके मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू, मंगलाराम डिडेल, युवा नेता रामेश्वर छाबा सहित नेता मौजूद रहे।

भारत विकास परिषद ने की परिण्डा लगाओं अभियान की शुरूआत

भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए परिंडे अभियान की शुरुआत की।

बिजयनगर, (निसं)। भारत विकास परिषद् मुख्य शाखा बिजयनगर के तत्वाधान में शुक्रवार को गर्मी के मौसम में मुक पक्षियो के लिए परिंडे अभियान की शुरुआत की गई। महावीर कॉलोनी श्मसान घाट रोड बिजयनगर पर परिण्डे लगाओं परिदें बचाओं अभियान की शुरूआत करते हुएअधिक से अधिक परिण्डे लगाने के लिए प्रेरित किया।परिषद सदस्य पदाधिकारी द्वारा परिण्डे लगाए गए उनमे रोजाना पानी भरने की जिम्मेदारी सौपी गई। शुक्रवार को दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव केलिये शत प्रतिशत मतदान करने के लिए आमजन से वोट डालने का आग्रह करते हुए मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया।

इस अवसर पर दिनेश कोगटा, डी सी जैन, बाल मुकंद कोगटा,जितेन्द्र पीपाड़ा, विनोद नाहर,सुनिल सोमानी, जसराज बिंदल,सिद्घार्थ बोरदिया, वीरचन्द जैन,धनराज पंडवार,अंकुश मुणोत , मनोज टेलर ,प्रीतेश बडोला, महावीर टेलर,कुलदीप दाधीच,महिला सदस्यो में संगीता बाल्दी, प्रीती पीपाड़ा, संध्या जैन, रेखा पोखरणा, रेखा भंसाली प्रकल्प प्रभारी -गंगाधर काठेड़ ,शाखा अध्यक्ष -एस एन जोसी,सचिव- बृजेश बाल्दी, वित्त सचिव-विमल भंसाली महिला सहसंयोजिका- रुचिका बोरदिया अनिल कुमार आचार्य मौजूद रहे।

रूपनगढ़ में हुआ 56 प्रतिशत मतदान

रूपनगढ़, (निसं)। रूपनगढ़ नगरीय क्षेत्र में आज शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। क्षेत्र में से भी कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय वारदात अथवा घटना का समाचार नहीं है। पूरे क्षेत्र में शांति बनी रही और कहीं से भी मतदान के रुकने, विलंब होने अथवा कोई तकनीकी खराबी होने के भी समाचार नहीं मिले हैं। रूपनगढ़ के भाग संख्या 30 में 61प्रतिशत, 31 में 48, 32 में 61, 33 में 59, 34 में 59, 35 में 64, 36 में 50 और भाग संख्या 37 में 52 फीसदी वोट पड़े। कांग्रेस नेता नसीम अख्तर इंसाफ ने भी रूपनगढ़ क्षेत्र के गांवों का आज दौरा किया। इसके अतिरिक्त सांसद प्रत्याशी भाजपा के भागीरथ चौधरी ने भी रूपनगढ़ सहित क्षेत्र के अनेक गांवों का दौरा किया और मतदान के बारे में जानकारी ली। रूपनगढ़ उपखंड के ग्राम करकेडी में 58 और कल्याणीपुरा में 60वोट पड़े। उजोली और नवां में 62 वोट पड़े हैं।

105 वर्षीय बुजुर्ग महिला रामप्यारी ने मतदान किया

बिजयनगर, (निसं)। अजमेर लोकसभा चुनाव शुक्रवार को पुलिस प्रशासन के व्यापक बंदोबस्त के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। प्रात: काल से ही शहर के 24 मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मत का प्रयोग करने के लिए पहुंचे।

मतदान की गति शुरुआत में काफी धीमी रही। दोनों प्रमुख दल भाजपा एव कांग्रेस कार्यकर्ता मतदान करवाने के लिए जुटे रहे। मतदान केंद्र पर मतदान करने के पश्चात मतदाताओं ने सेल्फी लेते हुए सोशल मीडिया पर वायरल किया। शहर के राजनगर क्षेत्र में 105 वर्षीय बुजुर्ग महिला रामप्यारी ने अपने परिजनों के साथ मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया।

105 वर्षीय बुजुर्ग महिला रामप्यारी को मतदान के लिए ले जाते परिजन।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र क्रमांक RJ/24/SEAC2/MIN/EC/0019/Cat B2/2023-24 Jaipur Dated 24-4-2024 के द्वारा श्री लक्ष्मण सिंह खनन पट्टा सं 15/2021 क्षेत्रफल 2.8113 हे. वासे खनिज क्वार्टज, फैल्सपार निकट ग्राम नीमखेडा त. सहाडा जि. भीलवाडा Production Capacity Quartz & Feldspar 135221 TPA (ROM) के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA राजस्थान प्रदुषण नियंत्रण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic.in पर देखी जा सकती है। श्री लक्ष्मण सिंह

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबंधक (टीआरडी एवं जीएसयू), उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिए दी गई तिथि को 15:00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या:** मं. रे. प्र.-टीआरडी-01-2024-25; **कार्य का नाम:** Outsourcing of Maintenance Activity of PSI Assets of TSS/SP/SSP over Ajmer division for period of 02 years. **अनुमानित लागत:** Rs. 3,58,21,300.00/- ; **बयाना राशि:** Rs. 3,29,100/-; **ई निविदायें बन्द होने की तिथि व समय:** 16.05.2024 को 15:00 बजे; **ई निविदायें खोलने की तिथि व समय:** 16.05.2024 को 15:30 बजे; उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वैबसाइट का पता www.ireps.gov.in 499-AD/24

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

शांतिपूर्ण तरिके से मतदान सम्पन्न हुआ

ब्यावर विधानसभा में 61 प्रतिशत और राजसमंद विधानसभा में कुल 57.17 प्रतिशत मतदान हुआ

ब्यावर, (निसं)। ब्यावर विधान सभा और राजसमंद विधान सभा क्षेत्र में चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए। ब्यावर विधान सभा में 61 प्रतिशत और राजसमंद लोक सभा में कुल 57.17 प्रतिशत मतदान हुआ। जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने ब्यावर विधानसभा के शक्तिकेन्द्र एवं बूथ संख्या 1 से 48 और 52 से 96 तक दौरा किया।

इसी प्रकार मसुदा विधानसभा के बूथ नंबर 107, 104, 105, 113, 114, 118, 119, 120 रतनपुरा घाटा, जीवाना, रामगढ़ एवं हनुतिया के बूथों पर भाजपा के पक्ष में मत डालने वालों की लंबी लाईन लगी हुई थी। अजमेर देहात ज़िलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद कर उत्साह बढ़ाया और जनता में ज़बरदस्त उत्साह के साथ भाजपा के पक्ष में माहौल आज बूथ नंबर 157, 153, 154, 160, 162, 241 से 247 तक 259, 263 व 264 पर बूथ कार्यकर्ताओं के साथ मतदान हेतु प्रेरित किया। इसके साथ ही केकड़ी विधानसभा के बूथों पर

अजमेर देहात ज़िलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद कर उत्साह बढ़ाया।

भाजपा का ज़बर्दस्त परचम बूथ नंबर 92, 127, 128, 142, 143, 151, 146, 149, 125, 126, 84, 85, 55, 56 पर कार्यकर्ताओं को बूथों पर अधिक वोट का आग्रह किया। केकड़ी में ढोल-नगाड़ों के साथ दूल्हा अपने परिवार के साथ पोलिंग बूथ पर पहुंचे जहां जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा से भाजपा बूथ पर स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष भूतड़ा ने दूसरे चरण में वोट औसत बढ़ाने और लोगों को जागरूक करने के लिए और साथ ही पोलिंग बूथ तक पहुंचे फर्स्ट वोटर में उत्साह देखने दिख रहा था। सभी बूथों पर अधिक से अधिक लोगों को एक साथ मतदान केंद्र पर पहुंचाकर उन्होंने लोगों को एक-एक वोट की कीमत समझाने की कोशिश की, ताकि लोग घरों से निकलकर मतदान केंद्र पहुंचे और अपना वोट दे सके।

भूतड़ा के निर्देशानुसार महाराणा प्रताप मंडल के अध्यक्ष नरेश मित्तल और आशापुरा माता मंडल के अध्यक्ष जितेन्द्र कावड़िया ने बूथों पर कार्यकर्ताओं के साथ मुस्तैद दिखे और पोलिंग बढ़ाने हेतु बूथ टोली के साथ वोट का आग्रह किया।मतदान बूथों पर बृजकिशोर शर्मा, यज्ञेश शर्मा, त्रिलोक शर्मा, सत्येन्द्र यादव, राजू अग्रवाल, ललित असरवा, दीपचंद टांक, प्रेमचंद टांक, जयप्रकाश जांगिड़, जितेन्द्र ठठेरा, राजकुमार टांक, अशोक गोयल, चन्द्रप्रकाश अग्रवाल, दिनेश शर्मा, दीपक चौहान, गणेश मिस्त्री, मनीष बंसल, लक्ष्मीनारायण सोनी सहित सभी पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गुढा और सिनोदिया में मतदान का बहिष्कार

रूपनगढ़, (निसं)। रूपनगढ़ उपखंड के ग्राम गुढ़ा और सिनोदिया के अधिकांश ग्रामीणों ने आज लोकसभा चुनाव में अपना वोट नहीं डाला। दोनों गांवों के ग्रामीणों ने अपनी कतिपय मांगों को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु रूपनगढ़ की तहसीलदार कीर्ति भारद्वाज दोनों गांवों में पहुंची लेकिन ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पानी और दूरस्थ गांवों

- **दोनों गांवों के ग्रामीणों ने मांगों को लेकर मतदान का बहिष्कार किया**

की कथित अनदेखी का आरोप लगाते हुए मतदान नहीं करने की बात कही। सिनोदिया में आंशिक रूप से मतदान हुआ। दोनों ही गांवों के ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव के लिए ना तो पर्याप्त यातायात के साधन हैं और ना ही समय पर बिजली आती है। पीने के पानी व सड़कों की हालत खराब है। नेतागण कभी नहीं आते हैं और आते हैं तो प्रभावी तरीके से विकास कार्य नहीं कराते हैं। गांवों में चिकित्सा, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि मुद्दे भी बहिष्कार का कारण है।

कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल : अजमेर

क्रमांक : 103 जाहिर आम सूचना दिनांक: 25.04.24

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 4 - MA - 30 गढ़ी थोरियान ब्यावर योजना में श्रीमती नसीम खातून पुत्री श्री तस्दुक हुसैन को आवंटित कर दिनांक-20.06.2012 को मकान का भौतिक कब्जा सौपा गया था। श्रीमती नसीम खातून की मृत्यु दिनांक-11.05.2021 को हो जाने के कारण उनकी पुत्री जेबा खान द्वारा मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। जेबा खान के पक्ष में (मामा) श्री इकलाख हुसैन उर्फ अखलाक हुसैन पुत्र श्री तस्दुक हुसैन द्वारा सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अब जेबा खान ने उक्त आवास से संबंधित मृत्यु हस्तान्तरण प्रपत्र प्रस्तुत कर आवास का आवंटन स्वंय के नाम हस्तांतरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया हैं। जेबा खान का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन हैं। अत: उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद गुजरने पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियंता

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन उत्तर अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

क्रमांक: LU2012/ADA/2023-24/100928 लोक सूचना दिनांक: 13/07/2023

श्री SHIVANSH BHATI पुत्र श्री V.S BHATI जाति MALI निवासी SAGAR VIHAR COLONY, VAISHALI NAGAR, AJMER ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का वाणिज्य प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र. सं	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	कायड, अजमेर (अजमेर)	SHIVANSH BHATI	5525/5519	1666	0.1666
				कुल	0.1666

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90 - क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90- A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 18-04-2023 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी जोन उत्तर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/संयुक्तिकरण/2023/6595 आम सूचना दिनांक : 28.3.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लाट गृहकर पंजिका में अन्तरण हेतु पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस मे मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संयुक्तिकरण

फाइल नं.	आवेदनकर्ता का नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
598	भरत शम्भवानी पुत्र वासुदेव शम्भवानी	कुशल विहार बरल द्वितीय ख.सं. 1329 भू.सं. 01, 02, 03	418.05 SQ.MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर